>

Title : Need to implement uniform education system in the country.

श्री राकेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय संसाधन मंत्री जी से सम्पूर्ण राष्ट्र में एक समान शिक्षा पद्धति लागू करते हुए कहना चाहता हूं कि सम्पूर्ण राष्ट्र को अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धाओं में स्वयं को स्थापित करना एक चुनौती है। ऐसे में देश के विभिन्न प्रांतों में असमान पाठ्यक्रम होने के कारण छात्र प्रतिस्पर्द्धा का शिकार होते जा रहे हैं। अब तो तकनीकी संस्थानों में प्रवेश हेतु इंटरमीडिएट में 80 प्रतिशत अनिवार्य अंक की बात हो रही है। ऐसे में एक समान शिक्षा पद्धति होने से युवा छात्रों को समान परिवेश में अपनी योग्यता प्रदर्शित करनी होगी, जिससे यह भारतीय तकनीकी संस्थान एवं अन्य शैक्षिणिक संस्थानों में प्रवेश ले सकें। सभी प्रान्तों को अपनी भाषा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा शिक्षा के माध्यम की स्वायत्ता का अधिकार बना रहना चाहिए। अतः पूरे देश में एक समान शिक्षण पाठ्यक्रम लागू करने के लिए मैं सरकार से आवश्यक कदम उठाए जाने के लिए आग्रह करता हूं।

श्री लालू प्रसाद (सारण): महोदया, शरद यादव जी ने चक्रवात की जो बात उठायी है, मेरा आपके माध्यम से यह आग्रह है कि सरकार वहां एक केन्द्रीय टीम भिजवाए और वहां का एसैसमेंट करे। मैंने परसों भी इस सवाल को उठाया था। मैं माननीय सदस्य की बात का समर्थन करता हूं और सरकार से आग्रह करता हूं कि इसे गंभीरता से लिया जाए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)